तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 2 सितंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 हसदा के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय रग्बी प्रतियोगिता ...




8 सेक्टर-9 अस्पताल ब्लड सेंटर में अब और बढ़ाई



B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 04/09/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065

# सरकारी जलाशय की भूमि का सीमांकन आज करेंगे चार पटवारी और एक आरआई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

शहर के एकमात्र सरकारी जलाशय में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की शिकायत के बाद प्रशासन हरकत में आने के बाद इस मामले की जांच के लिए एक टीम का गठन किया गया है, जो सात दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। विदित हो कि इस मामले को दैनिक समाचार पत्र 'हरिभूमि' ने प्रमुखता से उठाया। खबर प्रकाशन के बाद प्रशासनिक अमले में खलबली मची। मामले की गंभीरता को देखते हुए विधायक ईश्वर साहू ने राजस्व अधिकारियों के साथ बैठक कर सरकारी बांध के सीमांकन के निर्देश दिए थे।

जलाशय का इतिहास और वर्तमान स्थिति


उक्त जलाशय को सिंचाई विभाग ने वर्ष 2013 में नगर पंचायत को हस्तांतरित किया था। नगर पंचायत को इसके रखरखाव के साथ-साथ किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने का जिम्मा सौंपा गया था, लेकिन नगर पंचायत के रवैये से आज बांध को पहचानना मुश्किल हो गया है।

जिलाधीश ने इस मामले को संज्ञान में लेते हुए एसडीएम को जांच रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए थे, जिसके बाद जांच दल का गठन किया गया है। टीम में तहसीलदार उईस्यानी के मानकर, अनुविभागीय अधिकारी जलसंसाधन विभाग उमाकांत सुकदेवे और मुख्य नगर पालिका अधिकारी बसंत लोन्हारे शामिल हैं।

### हरिभूमि ने उठाया था जलाशय की भूमि का मुद्दा


जलाशय की 3.15 एकड़ भूमि के रिकार्ड में हेराफेरी


जलाशय की भूमि हेराफेरी की जांच करने टीम गठित



**साजा पटवारी निलंबित** : बांध की भूमि दस्तावेज में 14 अगस्त को हेरफेर करने पर साजा पटवारी टिकम देवांगन को सोमवार को एसडीएम ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया और उन्हें तहसील कार्यालय में अटैज किया है।

#### टीम में हैं शामिल

2 सितंबर को तहसीलदार ने जलाशय का सीमांकन करने का आदेश जारी किया। इसके लिए एक राजस्व निरीक्षक (आरआई) और चार पटवारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जिनमें देवीचरण टंडन (आरआई), जीवन ठाकुर, सुंदर धृतलहरे, टोपू वर्मा और ओमकार सोनवानी शामिल हैं। **बांध के अंदर अनाधिकृत निर्माण:** जांच के दौरान यह भी सामने आया है कि जलाशय के अंदर बिना अनुमति के स्कूल, अस्पताल और अतिरिक्त कमरों सहित कई निर्माण कार्य किए गए हैं। बांध के सीमांकन के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि आखिर बांध का कितना हिस्सा बचा है।

### खबर संक्षेप

## जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज

**बेमेतरा।** जिले में आपसी भाईचारा, सौहार्द्र और शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन की ओर से मंगलवार को शाम 5 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष (दिशा कक्ष) में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में सभी समाज प्रमुख, धर्मगुरु और जिले के गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। बैठक में आगामी त्योहारों, पर्व-त्योहारों और जनसामान्य की सहभागिता से शांति एवं सद्भाव बनाए रखने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। जिला प्रशासन ने सभी संबंधितों से समय पर उपस्थित होने और रचनात्मक सुझाव देने की अपील की है, ताकि जिले में शांति और सौहार्द का माहौल बना रहे।

## नगर में धूमधाम से मनाया गया राधा अष्टमी पर्व



**बेमेतरा/थान खम्हरिया।** नगर के राधा कृष्ण जमात मंदिर और अन्य प्रमुख मंदिरों में राधा अष्टमी का पावन पर्व बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया और भजन-कीर्तन का कार्यक्रम राधा कृष्ण मानस मंडली द्वारा प्रस्तुत किया गया। राधा कृष्ण के विग्रहों को फूलों से सजाया गया और भक्तों ने राधा रानी की पूजा-अर्चना कर आरती की। महंत वसंत बिहारी दास ने बताया कि भद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को राधा रानी के जन्मोत्सव के रूप में यह पर्व मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन राधा रानी की पूजा करने से भगवान कृष्ण प्रसन्न होते हैं और भक्तों पर उनकी विशेष कृपा बनी रहती है। सांस्कृतिक परंपराओं के अनुसार, विवाहित महिलाएं संतान सुख और अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए इस दिन व्रत भी रखती हैं। इस अवसर पर हर गोपाल शर्मा, पुरुषोत्तम अग्रवाल, बसंत बिहारी दास और नैतिक अग्रवाल ने भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में विष्णु जोशी ▶▶| शेष पेज 9 पर

### अपराध : पेट्रोल पंप मैनेजर हुआ लूट का शिकार

# दिनदहाड़े बैंक के सामने लूट, 1.75 लाख रुपए ले भागे शातिर लुटेरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

शहर के बीचों-बीच बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने दिनदहाड़े हुई लूट ने बेरला के आम नागरिकों और व्यापारियों के होश उड़ा दिए। नगर पंचायत और थाना के ठीक बीच में हुई यह घटना साबित कर रही है कि अब चोर भी हौसले बुलंद कर चुके हैं। घटना के अनुसार, कुसमी चौक के पेट्रोल पंप के मैनेजर धनेश तिवारी अपने हाथ में पकड़े हुए काले रंग के बैग में 1,75,000 रुपये लेकर बैंक जमा करने पहुंचे थे। जैसे ही वे बैंक के सामने पहुंचे, दो शातिर चोरों ने झपट्टा मारा और पैसे भरे बैग को झपटकर अपने हाथ में पकड़े ही भाग खड़े हुए।

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि चोर इतनी तेजी से फरार हुए कि उनके पीछे दौड़ने वाले लोग ग्राम तरकोरी तक पहुंचे, लेकिन कोई उन्हें पकड़ नहीं पाया। चोरों ने पैसे अपने साथ ऐसे छिपाए कि किसी के हाथ नहीं लगा। एक स्थानीय दुकानदार ने बताया कि इतनी भीड़ और सीसीटीवी कैमरे के बावजूद चोर इतने आराम से पैसे लेकर भाग गए, कोई रास्ता रोकने वाला नहीं था।



घटना स्थल के पास ही रहने वाले ने कहा कि मैं सुबह ही बैंक के पास आया था। अचानक लोगों की चीख-पुकार सुनकर देखा तो दो युवक बैग झपटकर भाग रहे थे। उनकी मोटरसाइकिल काले रंग की थी।



### धान बेचकर लौट रहे व्यापारी से 1.87 लाख की लूट

**नवागढ़।** ग्राम छेरकापुर निवासी मदन मनहरे (50), जो गल्ले का व्यापार करते हैं, भाठापारा में धान बेचकर 1.87 लाख रुपये नकद लेकर घर लौट रहे थे। रास्ते में तीन युवक उनकी पीछे-पीछे रेकी कर रहे थे। जैसे ही वे जैतपुरी मोड़ पहुंचे, आरोपियों ने बाइक से ओवरटेक किया और चाकू की नोक पर धमकी देकर नकदी झपट ली। इस दौरान व्यापारी हल्की चोट भी लग गई।सम्बलपुर बाजार के सीसीटीवी फुटेज में पूरी घटना कैद हो गई है। पीड़ित ने नवागढ़ थाना में शिकायत दर्ज कराई है। नवागढ़ थाना प्रभारी अलील चंद ने बताया कि सभी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर रकम बरामद की जाएगी। ग्रामीणों में सवाल उठ रहे हैं कि दिनदहाड़े इस तरह की वारदात से आम जनता की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी। ग्रामीणों ने पुलिस से त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

## उर्वरक प्राधिकरण 15 दिनों के लिए निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- निरीक्षण में मिलीं गंभीर अनियमितताएं

जिले में उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी और नकली खाद की बिक्री पर लगाम कसने के लिए जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। इसी कड़ी में, सहसपुर स्थित मेसर्स ग्रोफास्ट एग्रोवेंचर्स पर एक बड़ी कार्रवाई करते हुए, फर्म का उर्वरक प्राधिकरण पत्र 15 दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई उर्वरक स्टॉक में गंभीर अनियमितता पाए जाने के बाद की गई है। यह कार्रवाई तब की गई जब जिला स्तरीय निरीक्षण टीम ने मेसर्स ग्रोफास्ट एग्रोवेंचर्स का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान, फर्म के पास मौजूद एमओपी (पोटाश) उर्वरक के स्टॉक में भारी गड़बड़ी सामने आई। पीओएस (पॉइंट ऑफ सेल) स्टॉक और भौतिक स्टॉक के बीच 35.90 मीट्रिक टन का महत्वपूर्ण अंतर पाया गया। यह दर्शाता है कि फर्म में उर्वरकों के स्टॉक का सही रिकॉर्ड नहीं रखा जा रहा था या उसकी बिक्री में हेराफेरी की जा रही थी।

### पूर्व में भी मिला था नोटिस

फर्म की अनियमितताओं का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी उसे इसी तरह की कमियों के लिए सुधार हेतु नोटिस जारी किया गया था। लेकिन, बार-बार एक ही तरह की गलती दोहराए जाने पर उर्वरक निरीक्षक ने इस मामले में कठोर कार्रवाई की अनुशंसा की। **कृषि विभाग ने लिया कठोर फैसला:** उर्वरक निरीक्षक की अनुशंसा पर तुरंत कार्रवाई करते हुए, जिला बेमेतरा के उप संचालक कृषि एवं प्राधिकृत अधिकारी मोरध्वज डड़सेना ने फर्म का उर्वरक प्राधिकरण पत्र तत्काल प्रभाव से 15 दिनों के लिए निलंबित कर दिया।

### निलंबन का प्रभाव

इस निलंबन अवधि के दौरान, मेसर्स ग्रोफास्ट एग्रोवेंचर्स किसी भी प्रकार के उर्वरक का भंडारण या विक्रय नहीं कर पाएगा। यह सख्त कदम प्रशासन की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि किसानों को निर्धारित दरों पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराए जाएं और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए। जिला प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी ऐसी अनियमितताएं मिलने पर इसी तरह की कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## डाइट के छात्राध्यापक स्कूलों में कर रहे हैं शिक्षण अभ्यास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के प्रमुख शिक्षा संस्थान डाइट बेमेतरा के डीएलएड द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापक बेमेतरा शहर और आसपास के 27 प्राथमिक विद्यालयों में अपने अध्यापन कौशल को धार दे रहे हैं। इनमें बेमेतरा शहर के शासकीय प्राथमिक शाला सिंघौरी, मोहभठ्ठा, वार्ड नंबर 12, कोबिया और पिकरी भी शामिल हैं। छात्राध्यापक 16 अक्टूबर तक विभिन्न विद्यालयों में पढ़ाई के साथ-साथ व्यवहारिक अनुभव भी अर्जित करेंगे। डाइट प्राचार्य जेके घृतलहरे ने बताया कि शाला अनुभव कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राध्यापकों में व्यावसायिक दक्षता और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना है। यह कार्यक्रम उन्हें न केवल कक्षा में शिक्षण के तरीकों से अवगत कराता है, बल्कि विद्यालय का समग्र वातावरण, बच्चों की विभिन्न गतिविधियाँ, पाठ्यपुस्तकों और समुदाय से जुड़ाव को भी समझने का अवसर प्रदान करता है। प्राचार्य ने कहा कि छात्राध्यापक 100 दिन का शाला अनुभव हासिल करेंगे, जिसमें 50 दिन प्राथमिक और 50 दिन मिडिल स्कूल में पढ़ाई का अनुभव शामिल है। इस दौरान वे केवल पढ़ाने तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि स्कूल प्रबंधन, बच्चों की गतिविधियों और समुदाय के साथ संबंध बनाने की क्षमता भी विकसित करेंगे।

नियमित शिक्षकों की कक्षाओं का अवलोकन कर छात्राध्यापक बच्चों के सीखने की प्रक्रिया और कक्षा के वातावरण को समझ पाएंगे। डीएलएड प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया 29 अगस्त से शुरू होकर 4 सितंबर तक जारी रहेगी। दावा–आपत्ति के लिए 9 और 10 सितंबर का समय निर्धारित किया गया है। इसके बाद 11 सितंबर को एससीईआरटी रायपुर द्वारा प्रथम चरण की पहली सूची जारी की जाएगी। चयनित छात्रों के प्रवेश की प्रक्रिया 11 से 15 सितंबर तक चलेगी। रिक्त सीटों के लिए क्रमशः दूसरी और तीसरी सूची भी जारी की जाएगी।

## सड़क हादसे में घायल युवक की जान बचाने आगे आए विधायक के भाई

**बेमेतरा।** बेमेतरा-देवरबीजा मार्ग पर सोमवार को हुए एक सड़क हादसे में एक युवक की जान बचाने में विधायक दीपेश साहू के छोटे भाई, प्रो. वाई.डी. साहू ने अपनी संवेदनशीलता और मानवता का बेजोड़ उदाहरण पेश किया है। प्रो. साहू की त्वरित मदद ने न केवल एक जीवन बचाया, बल्कि समाज को यह संदेश भी दिया कि मानवीयता ही सबसे बड़ा धर्म है। यह घटना बेमेतरा-देवरबीजा मार्ग पर सेवा सहकारी समिति के पास हुई, जहां एक सड़क दुर्घटना में दिनेश वर्मा नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटनास्थल पर मौजूद प्रो. साहू ने घायल दिनेश की स्थिति देखते हुए बिना एक भी पल गंवाए, अपने निजी वाहन से उसे तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया। यह कदम घायल को समय पर चिकित्सा सहायता दिलाने में निर्णायक साबित हुआ।

**एम्स रेफर, उम्मीद कायम:** जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद, डॉक्टरों ने दिनेश वर्मा की गंभीर हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए एम्स (AIIMS) रेफर कर दिया। प्रो. साहू की समय पर की गई मदद की वजह से घायल को तत्काल प्राथमिक उपचार मिल सका और उसकी जान को बचाया जा सका। इस घटना के बाद, मौके पर मौजूद लोगों और स्थानीय नागरिकों ने प्रो. वाई. डी. साहू की सराहना करते हुए उनकी संवेदनशीलता की प्रशंसा की। ▶▶| शेष पेज 9 पर

## प्राथमिक शाला भेंडरवानी में मायके की महक कार्यक्रम का आयोजन




**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरवानी, विकासखंड साजा में सोमवार को एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम "मायके की महक" का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्व छात्रों को उनके पुराने स्कूल से जोड़ना और उनके अनुभवों के माध्यम से वर्तमान विद्यार्थियों को प्रेरित करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद, विद्यार्थियों ने शिक्षा के महत्व और /"मायके/" की भावनाओं को दर्शाते हुए गीत, कविता और नाटक प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का सबसे खास हिस्सा तब रहा जब स्कूल के पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि कैसे इस स्कूल में मिली शिक्षा और संस्कारों ने उनके जीवन को एक सकारात्मक दिशा दी। इन अनुभवों से वर्तमान छात्रों में नया उत्साह और आत्मविश्वास जागा। प्रधान पाठक अर्जुन वर्मा ने इस कार्यक्रम को एक सेतु बताया जो पुराने और नए विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को जोड़ता है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी स्कूल केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि बच्चों में संस्कार, खेल और सामाजिक मूल्यों का भी विकास करते हैं। सहायक शिक्षक सनत कुमार साहू ने भी कार्यक्रम में सहयोग के लिए सभी शिक्षकों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

### अधिकारी-कर्मचारी सवालों के घेरे में

# जिला कलेक्टोरेट में स्वच्छता पर लापरवाही, आम नागरिक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला कलेक्टोरेट कार्यालय बेमेतरा में स्वच्छता और पानी की सुविधा के नाम पर हालात बेहद चिंताजनक हैं। शौचालय की गंदगी और वाटरकूलर की खराब स्थिति ने आम नागरिकों सहित अधिकारियों और कर्मचारियों में भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

जिला प्रशासन समय-समय पर स्वच्छ भारत मिशन और स्वच्छता अभियान का प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक करने की अपील करता रहता है। कार्यालयों, जनदर्शन, जनचौपाल और अन्य कार्यक्रमों में साफ-सफाई के निर्देश जारी किए जाते हैं, लेकिन खुद के विभाग और कार्यालय की हालत देखकर लोगों में हैरानी पैदा हो रही है। कलेक्टोरेट कार्यालय के शौचालय की सफाई गुणवत्ताहीन और गंदगीपूर्ण है। लघुशंका या शौच करने के लिए लोग कतराते हैं। बदबू और गंदगी से शौचालय में जाने से लोग अक्सर बचते हैं। अधिकारी और कर्मचारी भी शौचालय का उपयोग नहीं करते और बाहर की ओर रुख करते नजर आते हैं। दरवाजे और नल खराब, फर्श गंदा और शौच सीट की स्थिति दयनीय है। हाथ धोने के लिए पानी तक उपलब्ध नहीं है। साफ-सफाई पर लाखों रुपये खर्च किए गए होंगे, लेकिन यह सिर्फ खानापूर्ति और नाम मात्र की वाहवाही साबित हो रही है।



### वाटर कूलर खराब, जनता हो रही परेशान

जिला कलेक्टोरेट कार्यालय में प्रवेश द्वार और अन्य जगहों पर वाटरकूलर की सुविधा की गई थी, लेकिन यह लगभग एक साल से खराब पड़ा है और सिर्फ शो-पीस के रूप में ही मौजूद है। हर मंगलवार को आयोजित दृष्टि सभा कक्ष, जनदर्शन और जनसमस्या निवारण में सैकड़ों लोग उपस्थित रहते हैं। जहां अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए ब्रांडेड वाटर बोतल उपलब्ध हैं, वहीं आम नागरिक पानी के लिए तरसते हैं। कई बार उन्हें लाइन छोड़कर बाहर किसी होटल या दुकान से पानी लेना पड़ता है। इस खराब व्यवस्था के कारण जनसमस्या निवारण की प्रक्रिया में भी बाधा आती है। जिले के आम नागरिक और कर्मचारी सवाल कर रहे हैं कि क्या स्वच्छता और पानी की सुविधा सिर्फ दिखावा बनकर रह गई है। संबंधित विभाग और अधिकारी मौन हैं और मूलभूत सुविधाओं की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

## सरपंचों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिला पंचायत संसाधन केंद्र बेमेतरा में आज ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत नवनिर्वाचित महिला सरपंचों के लिए महिला मित्रक एवं महिला सशक्तिकरण विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया।

इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य महिला सरपंचों को ग्राम पंचायत संचालन में उनकी जिम्मेदारियों, शासन की योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन और महिला सशक्तिकरण की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करना है। शिविर में बेरला और नवागढ़ जनपद पंचायतों की महिला सरपंचों को आमंत्रित किया गया और उन्हें बताया गया कि ग्राम पंचायत स्तर पर योजनाओं को किस प्रकार लागू किया जाए तथा ग्रामीण विकास कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता कैसे सुनिश्चित की जाए। प्रशिक्षण में जिला पंचायत संसाधन केंद्र के संकाय सदस्य उमाशंकर खंडे, नरेंद्र बंजारे, संगीता पांडे और स्वच्छ भारत मिशन सलाहकार ने विभिन्न विषयों पर जानकारी दी। विशेष रूप से ग्राम पंचायत में स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और गांव को ओडीएफ प्लस से मॉडल गांव बनाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन पर ध्यान केंद्रित किया गया। यह प्रशिक्षण शिविर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेमलता पद्माकर के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी उपसंचालक पंचायत हर्षलता वर्मा भी इस अवसर पर उपस्थित रहीं। उन्होंने महिला सरपंचों से कहा कि प्रशिक्षण में दी गई जानकारी को गंभीरता से अपनाकर अपने कार्यक्षेत्र में लागू करें और पंचायत संचालन में शासन के नियमों और दिशा-निर्देशों का पालन कर पारदर्शी प्रशासन सुनिश्चित करें।

## खबर संक्षेप



### राज्य कर्मचारी संघ ने शिक्षा मंत्री से की मुलाकात

**भिलाई।** राज्य कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ और व्याख्याता संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से उनके निवास दुर्ग में मुलाकात किया। इस दौरान गुलदस्ता भेंट कर शुभकामाएं दी। उन्हें बताया कि शिक्षा विभाग में विगत 10 वर्षों से प्राचार्य पदोन्नति नहीं होने के कारण शिक्षा गुणवत्ता प्रभावित हो रहा है। वर्तमान शिक्षा भर्ती, पदोन्नति नियम विसंगतिपूर्ण होने के कारण उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ में बहुत से प्रकरण दर्ज है। जिसमें एक प्रकरण में स्टे लगा हुआ है। निर्णय सुरक्षित है पूर्व में भी डबलबेंच ने नियम संशोधित कर वरिष्ठ प्रधान पाठकों को पदोन्नति देने का निर्णय दिया। विभाग उच्च न्यायालय के निर्देश की व्याख्या कनिष्ठो के पक्ष में करते हुए वरिष्ठ प्रधान पाठकों को दरकिनार कर उन कनिष्ठ प्रधान पाठकों को प्राचार्य पदोन्नति दी जा रही है। पदोन्नति से वंचित प्रधान पाठकों को शासन विरोधी बता रहे हैं वंचित प्रधान पाठकों की संघर्ष समिति ने न्यायालय के निर्मय के अनुसार पदोन्नति नियम संशोधित करने के बाद ही प्राचार्य पदोन्नति करने का मंत्री से मांग किया। इसके अलावा यह भी बताया गया कि 10 वर्षों से पदोन्नति मामला लंबित होने का बाहना बताकर जैसे-तैसे उनके पक्ष में पूर्ण करने में जुटे हुए है। इस दौरान राज्य कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ ज्ञान सिंह राजपूत, जिला अध्यक्ष डॉ शशि भूषण शर्मा, तुला राम साहू , प्रमोद श्रीवास्तव उपाध्यक्ष, बीरेंद्र यदु गोपाल ध्रुव, आर एस परमार, टीका राम साहू व्याख्याता संघर्ष समिति के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार झा, अरुण साहू, प्रकाश बघेल, गोरे साहू, बसंत दास, रूपेंद्र चंद्राकर, शम्भु चंद्राकर, गोविंद ठाकुर, रमेश बारले, देशबंधु शर्मा, राकेश परगनिहा, देवेंद्र बंछोर मौजूद थे।

# कानून व्यवस्था पर लगाम कसने एसएसपी की बैठक, कार्रवाई के निर्देश

## निगरानीशुदा, बिना हेलमेट चलने वालों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

एसएसपी विजय अग्रवाल ने पुलिस नियंत्रण कक्ष भिलाई में अपराध एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक लिया गया। इस दौरान गणेश विसर्जन एवं आगामी ईद मिलाद उन नबी त्यौहार के दौरान कानून, शांति व्यवस्था के लिए दिशा निर्देश दिया।

जुलूस निकालने वाले मार्ग चिन्हित करने,नियत समय पर ही जुलूस निकालने की अनुमति दिए जाने के निर्देश है। गणेश विसर्जन में 5-6 दिवस शेष है संध्या के समय गणेश पण्डालों में अधिक भीड़ होना संभावित है। सभी थाना, चौकी प्रभारियों को मुस्तैदी से सुरक्षा ड्यूटी करने की हिदायत दी गई। गणेश पण्डालों में सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य रूप से लगवाने को कहा गया है। बैठक में गुण्डा निगरानी बदमाशों के खिलाफ बॉड ओवर कराने के निर्देश दिए गए। बॉड ओव्हर का उल्लंघन करने वाले गुण्डा निगरानी बदमाशों के खिलाफ पुलिस सख्ती से कार्रवाई करेगी फरार निगरानी, गुण्डा बदमाशों की पतासाजी करने,आसपास के क्षेत्रों के रहवासियों को अवगत कराएं कि ऐसे फरार



निगरानी, गुण्डा बदमाशों की आमद की जानकारी अनिवार्य रूप से दे। बैठक में एक वर्ष से अधिक लंबित प्रकरणों की थानावार समीक्षा की गई। जिन थानों में प्रकरण का निराकरण समय सीमा में नहीं किया जा रहा है। उनके थाना चौकी प्रभारियों को समय पर निराकरण के सख्त निर्देश दिए। एएसपी अभिषेक झा, आईपीएस हर्षित मेहर , सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी, छावनी सीएसपी हेम प्रकाश नायक, एसडीओपी पाटन अनूप लकड़ा,धमधा डीएसपी एलेक्जेण्डर किरो, डीएसपी मुख्यालय विनोद मिंज, डीएसपी पुलिस लाइन चन्द्रप्रकाश तिवारी,आदि मौजूद थे।

### गिरफ्तारी वारंट की अधिक से अधिक की जाए तामीली

बैठक में बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों के खिलाफ भी मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई करने को कहा गया है। चाकूबाजी की घटनाओं की रोकथाम की जाए, किसी भी व्यक्ति के पास धारदार हथियार,अवैध रूप से चाकू पाए जाने पर उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। अवैध मादक पदार्थो, अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश भी है।

## उपलब्धि : देश के सौ चुनिंदा ब्लड सेंटरों में हुआ शामिल

# सेक्टर-9 अस्पताल ब्लड सेंटर में अब और बढ़ाई जाएगी ट्रांसफ्यूजन मेडिसीन गुणवत्ता

## स्वैच्छिक रक्तदान को भी मिलेगा अधिक प्रोत्साहन ब्लड सेंटर को मिली एनएबीएच मान्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल के सबसे बड़े अस्पताल पं. जवाहर लाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र (जेएलएन चिकित्सालय) सेक्टर 9 भिलाई में अब स्वैच्छिक रक्तदान को अधिक प्रोत्साहन मिलने के साथ ट्रांसफ्यूजन मेडीसिन के क्षेत्र में गुणवत्ता और बढ़ जाएगी। अस्पताल के अत्याधुनिक ब्लड सेंटर ब्लड सेंटर ने राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स (एनएबीएच) से मान्यता प्राप्त की है। यह उपलब्धि न केवल छत्तीसगढ़ राज्य में बल्कि पूरे सेल के अस्पतालों में पहली बार किसी ब्लड सेंटर को प्राप्त हुई है।

यह सफलता कार्यपालक निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ. एम. रवींद्रनाथ और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीता द्विवेदी, डां. के ठाकुर, डॉ. सौरभ मुखर्जी तथा डॉ. उदय कुमार सहित अस्पताल के अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम के सतत प्रयासों से संभव हुई। एनबीएच मान्यता से यह सुनिश्चवित होता है कि मरीजों को सुरक्षित और सर्वोत्तम गुणवत्ता का रक्त, प्लाज्मा आदि रक्ता उत्पाद उपलब्ध हो। साथ ही ब्लड सेंटर का संचालन अधिक कुशल, सुव्यवस्थित और निरंतर निगरानी में रहे। इस बड़ी मान्यता से अब ब्लड सेंटर में और सुविधाएं बढ़ाने का वातावरण बनेगा बल्कि इस अस्पताल और विश्वसनीयता और बढ़ जाएगी, जिससे ट्विनसिटी सहित अंचल के रक्तदाता रक्तदान



के लिए अधिक प्रेरित होंगे। चिकित्सकों के मुताबिक स्वैच्छिक रक्तदान बढ़ने से अधिक लाइव सेविंग हो सकेगी। इस उपलब्धि से ट्रांसप्यूजन मेडीसीन के क्षेत्र में गुणवत्ता और मरीज सुरक्षा के प्रति इस अस्पताल व आरसी ब्लड सेंटर की भूमिका बढ़ जाएगी। अनुमोदन बाद अब यह ब्लड सेंटर अब देशभर के 4200 ब्लड बैंकों में से चुनिंदा 100 मान्यता प्राप्त केंद्रों में शामिल हो गया है।

### विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने किया संभव

.यह सफलता कार्यपालक निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डां. एम रविंद्रनाथ और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. विनीता द्विवेदी, डां. के ठाकुर, डां. सौरभ मुखर्जी और डां. उदय कुमार के योगदान से संभव हुई। इस परियोजना का कानूनी निष्पादन और प्रलेखन डॉ. दीपक कुमार दासमोहपात्रा द्वारा किया गया। एमओयू तैयार कर एनएबीएच पोर्टल पर आवश्यक विवरण अपलोड किया। संपूर्ण प्रक्रिया एसीएमओ डॉ. निली एस. कुजूर एवं कंसल्टेंट डॉ. दासमोहपात्रा, डॉ. अनिरुद्ध मेने और क्यूएमडी टीम की मदद से पूरी की गई। 20-21 जून को मूल्यांकनकर्ताओं डॉ. भरत सिंह और डॉ .प्रसून भट्टाचार्य द्वारा अंतिम मूल्यांकन किया गया और सभी गैर-अनुपालनों के समाधान के बाद 11 अगस्त को मान्यता के लिए अनुमोदन किया गया।

### वैज्ञानिक प्रक्रिया की करता है पुष्टि एनबीएच

एनएबीएच भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) का एक घटक बोर्ड है, जो स्वास्थ्य सेवा संगठनों के लिए गुणवत्ता और सुरक्षा के कठोर मानक निर्धारित करता है। मान्यता इस बात की पुष्टि करती है कि सभी प्रक्रियाएँ वैज्ञानिक रूप से मान्य और मानक दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी की जा रही हैं। इसमें दाताओं के स्वास्थ्य और पात्रता की जाँच कर उनकी स्क्रीनिंग करना, रक्त संग्रह की प्रत्येक प्रक्रिया में उचित प्रोटोकॉल का पालन करना, दान किए गए रक्त को पैक्ड रेड ब्लड सेल्स, फ्रेश फ्रोजन प्लाज्मा और प्लेटलेट्स आदि विभिन्न घटकों में संसाधित करना, संक्रामक रोगों की पहचान के लिए व्यापक परीक्षण करना तथा रक्त के सुरक्षित भंडारण और समय पर वितरण के लिए उपयुक्त परिस्थितियाँ बनाए रखना शामिल है।

# म्यूल खाते में लाखों का ऑनलाइन ठगी, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

म्यूल खाते में लाखों रुपए ट्रांजेक्शन करने के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल से जानकारी मिली कि एकनालेजमेंट के म्यूल एकाउंट नंबर के आईडीएफएसी बैंक उतई दुर्ग खाता धारक मयूर पार्क के पास, वार्ड 21, मदर टेरेसा नगर, केम्प 02 छावनी निवासी एम. पकंज नामक व्यक्ति पहचान दस्तावेज आधार कार्ड, पैन कार्ड देकर बैंक शाखा उतई में खाता खुलवाया है। उक्त खाता में आनलाईन ठगी की रकम बेईमानी तरीके से अवैद्य धन लाभ अर्जित किया। उक्त खाते मे ट्रांजेक्शन चेक करने पर अवैद्य रूप से 23 जुलाई को 16 लाख , 19 जुलाई 5 लाख, 21 जुलाई 8 लाख, 20 जुलाई 50 हजार रूपए धन अर्जित किया। सायबर आनलाईन ठगी की रकम अपने बैंक खाता के माध्यम से एम पंकज ने ट्रांजेक्शन अपने परिचित के व्यक्ति राजू बाघ के



- आईडीएफएसी बैंक उतई का मामला, ऑनलाइन ठगी

साथ मिलकर दिल्ली निवासी अन्य दो युवकों के साथ मिलकर व अपने आईडीएफएसी बैंक खाता को उपलब्ध कराकर ठगी किया। राजू बाघ के द्वारा ट्रांजेक्शन की रकम खाता धारक द्वारा अपने बैंक खाता में प्राप्त करने के एवज में खाता धारक को 20 हजार रुपये एसबीआई खाता से प्राप्त किया। आरोपी एम. पकंज की पता तलाश कर अभिरक्षा में लेकर पूछताछ कर आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। उक्त कार्रवाई में उतई के निरीक्षक महेश कुमार ध्रुव समेत उनकी टीम का योगदान है।

### राधिका नगर में सियान सदन के लिए हुआ भूमिपूजन



**भिलाई ।** वार्ड 7 राधिका नगर में सियान सदन के निर्माण के लिए नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा के पार्षद निधि से भूमि पूजन रविवार को संपन्न हुआ। वार्ड पार्षद व नगर निगम भिलाई के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा मुख्य अतिथि भाजपा की दिव्या भसीन विशेष अतिथि थीं। सिन्हा ने कहा कि सियान सदन का भवन हमारे बुजुर्गों के सम्मान, सेवा और संरक्षण का प्रतीक बनेगा। यह सदन न केवल ईंट-पत्थरों से निर्मित एक ढांचा है, बल्कि इसमें हमारे संस्कार, श्रद्धा और समर्पण की भावना भी जुड़ी होगी। इस अवसर पेवर ब्लाक के लिए भी भूमिपूज हुआ। अतिथि कन्हैया सोनी रमेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ कल्याण के अध्यक्ष,फुलमालीसेहगल , सुरेश सिंह, सुरेश सर , शैलेन्द्र सिन्हा आदि उपस्थित थे।

# चयनित हितग्राहियों को जल्द मिलेगा पीएम आवास, 30 मकानों का कार्य लगभग पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक 2 वैशाली नगर अंतर्गत कुरूद गोकुल नगर में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास, बायो गैस स्थापना हेतु चयनित स्थल एवं कुरूद स्थित न्यू एस.एल.आर.एम. सेंटर के आस-पास प्लांटेशन का आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निरीक्षण किया।कुरूद गोकुल नगर में पीएम आवास योजना अंतर्गत वंदे मातरम में निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण आयुक्त पाण्डेय एवं कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा द्वारा किया गया। पीएम आवास योजनांतर्गत लाटरी में चयनित हितग्राहियों को अविलंब आवास उपलब्ध कराने के उदद्देश्य से आयुक्त द्वारा निरीक्षण किया गया है। उपस्थित निर्माणकर्ता एजेंसी को चरणबद्व काम करने के लिए निर्देशित किया गया है, जिससे चयनित हितग्राहियों को तीन दिवस के अंदर मकान सुपुर्द किया जा सके। 30 मकानों का कार्य लगभग पूर्णतः की स्थिति में है।



### बायोगैस प्लांट कार्य जल्द होगा शुरू

गोकुल नगर से निकलने वाले गोबर के सद्उपयोग हेतु बायो गैस प्लांट स्थापना किया जाना है, जिसके लिए रूचि की अभिव्यक्ति आफर जारी की जा चुकी है। आयुक्त द्वारा कार्यपालन अभियंता सह भवन अधिकारी के साथ स्थल का निरीक्षण किया गया हैं। जिससे बायो गैस प्लांट की स्थापना का कार्य सुचारू रूप से किया जा सके। कुरूद मुक्तिधाम के पास एस.एल.आर.एम. सेंटर निर्मित है। वहां वृक्षारोपण किया गया है, जिसका निरीक्षण आयुक्त द्वारा उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू के साथ किया गया। रिक्त स्थल में मियावाकी पद्धति से सघन वृक्षारोपण किया जाएगा। जिससे क्षेत्र की हरियाली बढ़ाने एवं मिनी फारेस्ट बनाने में सहयोग मिलेगा। मियावाकी पद्धति से वृक्षारोपण का मुख्य उदद्देश्य कम क्षेत्रफल में सघन पौधो का रोपण कर मानव के साथ-साथ जीव जन्तुओ एवं पशु पक्षियों हेतु एक अनुकुल वातावरण एवं माहौल निर्माण करना होता है। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता दीपक देवांगन, एजेंसी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# ओए ने बीएसपी के सेवानिवृत्त अधिकारियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा अगस्त में सेवानिवृत्त अधिकारियों के दीर्घ सेवा और उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान समारोह का आयोजन प्रगति भवन, सिविक सेंटर में किया गया। सेफी चेयरमेन और ओए के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर,महासचिव परविंदर सिंह सहित कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा, उपाध्यक्ष तुषार सिंह, अखिलेश मिश्रा, उपाध्यक्ष नीतेश छत्री, सचिव संजय तिवारी, जेपी शर्मा उपस्थित थे।

इस अवसर पर सुबिद कुमार डे, जीएम इंचार्ज, डां. गिरीश उमरेडकर, एडिशनल सीएमओ, जयन्त कुमार घोष, एजीएम निरंजन मधुकर मुले, रवि विक्रम अग्रवाल, सीनियर मैनेजर के श्रीरंगा, राजेंद्र कुमार सिंह, मैनेजर ब्रिजेश कुमार अग्रवाल, डिप्टी



मैनेजर चंद्रकांत गुप्ता, असिस्टेंट मैनेजर का पौधे एवं सम्मान राशि प्रदान कर किया सम्मानित सम्मान समारोह में उपस्थित अधिकारियों तथा उनकी पत्नियों का ओए द्वारा पौधे एवं सम्मान राशि देकर सम्मान किया गया। सेवानिवृतों ने अनुभवों को साझा किया।

### भेंट किए पौधे व सम्मान राशि

श्री बंछोर ने कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा जो उपलब्धियां हासिल किया गया है उन उपलब्धियां को हासिल करने में कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों का अहम योगदान है। सर्वोच्च न्यायालय के 4 नवम्बर 2022 के फैसले के अनुरूप कार्मिकों को हायर पेंशन दिया जाना चाहिए था। ईपीएफओ द्वारा जारी मनमाने परिपत्रों में गलत तरीके से व्याख्या कर लोगों को हायर पेंशन से वंचित करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है ,जो कि न्यायसंगत नहीं है किया। परविन्दर सिंह सेवानिवृत्त अधिकारियों द्वारा अपने सेवाकाल में किए गए उत्कृष्ट कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन ओए जोनल प्रतिनिधि राकेश सिंह ठाकुर ने किया। इस अवसर पर ओए जोनल प्रतिनिधि रेमी थामस, राकेश सिंह ठाकुर, राधाकिशुन, डीपीएस बरार, अमित कुमार सिन्हा, संतोष सिंह, मिलिंद बंसोड़, एमएआर शरीफ, जी एस कुमार, डीपीएस बरार, प्रदीप मेनन, अजय चौरसिया, विजय कुमार देशमुख, राजेन्द्र मंत्री, एवं एक्स ओए के महासचिव जे बी पाटिल सहित अधिकारी उपस्थित थे।

# शराब के नशे में बस चलाकर डाली 35 यात्रियों की जान जोखिम में



## पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शराब पीकर बस चालने वाले चालक के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई की है। रायपुर से डोंगरगढ़ की ओर जा रही यात्री बस सीजी 23पी 7866 को ट्रैफिक पुलिस के जवानों ने देखा कि उसका ड्राइवर बस को लहरा कर चला रहा है। पुलिस ने बस को रुकवाया और उसकी जांच की। जांच करने के दौरान जब चाल का ब्रीथ एनालाइजर परीक्षण किया गया तो पता चला कि चालक शराब के नशे में था। चालक का राजू लाल निवासी पाटन बताया जा रहा है। इसके बाद पुलिस ने बस के मालिक मोहम्मद तौकिर निवासी गांधी नगर कालीबाड़ी रायपुर को फोन लगाया। उसे बताया गया कि उसकी बस में 30 से 35 यात्री सवार हैं और उसका चालक शराब के नशे में है। इसके बाद बस को ट्रैफिक कार्यालय, नेहरू नगर लाया गया और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। साथ ही साथ वाहन को जब्त किया गया और प्रकरण को न्यालय में पेश किया गया। ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा का कहना है कि यह कार्रवाई ऑपरेशन सुरक्षा के अंतर्गत सड़क पर मानव जीवन की रक्षा और सुरक्षित व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में ठोस कदम है। किसी भी परिस्थिति में नशे की हालत में वाहन चलाना गैरकानूनी है। यदि ऐसा करते कोई भी पाया जाएगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## आईएमए छग और हॉस्पिटल बोर्ड ऑफ इंडिया की बैठक में दी जानकारी

# निजी अस्पतालों में आयुष्मान योजना का बकाया 505 करोड़ आवंटित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आईएमए छत्तीसगढ़ और हॉस्पिटल बोर्ड ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ की राज्य स्तरीय बैठक भिलाई में आयोजित की गई। जिसमें आईएमए अध्यक्ष डॉ. प्रभात पांडे और सचिव डॉ नीरज शर्मा, डॉ विनोद तिवारी सह अध्यक्ष आईएमए नई दिल्ली, डॉ.सुरेंद्र शुक्ला चेयरमैन, हॉस्पिटल बोर्ड ऑफ इंडिया छत्तीसगढ, डॉ. नितिन जुनेजा सचिव तथा राज्य एवं जिला शाखा के लगभग 100 प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक में आयुष्मान योजना के सम्बन्ध पर चर्चा की गई। डॉ. सुरेंद्र शुक्ला चेयरमैन द्वारा यह सूचित किया गया कि मंत्री की पहल द्वारा 375 करोड़ जारी कर दिए गए है। स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा आज यह भी सूचना दी है कि इसके अतिरिक्त 130 करोड़ भी केंद्र से आबंटित कर दिए गए है जो सितंबर के पहले सप्ताह में विभाग को मिल जाएंगे। इस प्रकार लगभग 505 करोड़ रुपये प्राइवेट अस्पतालों के लगभग पूर्ण बकाया हेतु उपलब्ध हो जाएंगे।





### अनुपूरक बजट में अतिरिक्त प्रावधान भी हो

सदस्यों ने शासन से इस योजना के अनुपूरक वार्षिक बजट हेतु 1500 करोड़ अतिरिक्त प्रावधान हेतु उचित कार्यवाही करने का निवेदन किया है ताकि योजना में निरंतरता बनी रहे क्योंकि प्रतिमाह 200 से 250 करोड़ की आवश्यकता योजना हेतु है। योजना से संबंधित सभी समस्याओं की चर्चा हेतु शासन और आईएमए एवं अस्पतालों की एक परिचर्चा सितंबर माह में आयोजित की जाएगी। राज्य एवं जिला शाखा के प्रतिनिधियों ने शासन का मरीजों के हितों में लिए गए निर्णयों का स्वागत किया है तथा इस सम्बन्ध मे एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र शासन में मुलाकात कर विस्तृत चर्चा करेगा।

# स्कूलों में शिक्षा गुणवत्ता सुधारने स्कूलों का नियमित भ्रमण जरूरी: चावरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

लोक शिक्षण संचालनालय के उप संचालक आशुतोष चावरे के द्वारा जिले के सेजेस विद्यालयों के प्राचार्य एवं समस्त संकुल समन्वयों की शिक्षा गुणवत्ता पर बैठक आयोजित की गई एवं प्रत्येक बिंदुओं पर चर्चा कर शिक्षा गुणवत्ता को सुधारने के टिप्स दिए गए। उन्होंने कहा कि प्राथमिक शाला की प्रत्येक विद्यार्थियों को भाषा एवं गणित का कक्षा अनुरूप ज्ञान होना आवश्यक है। इसके लिए आवश्यक है कि सभी स्टार के अधिकारी नियमित रूप से विद्यालयों का भ्रमण करें कर्मियों पर ध्यान दें एवं उन्हें दूर करने के उपाय बताएं। उपसंचालक चावरे ने कहा कि दुर्ग जिले का परीक्षा परिणाम मंडल परीक्षा में पूरे



राज्य में अव्वल होना चाहिए इसके लिए पहले से लक्ष्य का निर्धारण कर उसके अनुरूप कार्य प्रारंभ करें सही समय पर पाठ्यक्रम पूर्ण हो इसका विशेष रूप से ध्यान रखें जिला स्तर से विषय विशेषज्ञों के माध्यम से सैंपल प्रश्न पत्र एवं प्रश्न बैंक का निर्माण कर छात्रों से ज्यादा से ज्यादा अभ्यास कराया जाए यह भी प्रयास करें कि जिले से अधिक से अधिक छात्र प्रवीण सूची में अपना स्थान बना सके।

## खबर संक्षेप

### पर्यटन पुरस्कार के लिए आवेदन 15 तक आमंत्रित

**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड ने राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने, नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय पर्यटन पुरस्कार की घोषणा की है। इन पुरस्कार के लिए कुल 1 लाख 11 हजार रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन 15 सितंबर तक आमंत्रित किया गया है। पर्यटन क्षेत्र से जुड़े उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्था व व्यक्ति को विश्व पर्यटन दिवस 27 सितंबर को राज्य स्तरीय पर्यटन पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

# अंचल के किसानों ने की कुण्डा में खाद-बीज गोदाम की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

विकासखण्ड पंडरिया एवं तहसील कुण्डा के सबसे बड़ा ग्राम पंचायत कुण्डा में विगत 25 वर्षो से खाद गोदाम के अभाव में सेवा सहकारी समिति के कृषक को खाद-बीज उठाने में परेशानी होती है, पूर्व में सेवा सहकारी समिति कुण्डा में 85 आश्रित ग्राम अब कृषक सेवा सहकारी समिति कुण्डा में पंजीयन क्रमांक 3039 में आश्रित ग्राम 7 है। कुण्डा समिति में कृषक की संख्या 1549 व सदस्य 420 है वही समिति में कृषकों की वार्षिक लेनदेन 03 करोड़ से भी ऊपर की है। जिस पर कुण्डा तहसील अंतर्गत वर्ष 2009-10 के अनुसार फसल की क्षेत्रफल कुल खरीफ फसल 15924 हेक्टेयर कुल रवि फसल 14292 हेक्टेयर कुल दो फसली फसल 100076 हेक्टेयर कुल सिंचित फसल 10404 हेक्टेयर है। वहीं कुण्डा क्षेत्र के कृषकों द्वारा प्रमुख रूप से धान, गन्ना, गेहूं व तीवरा तथा चना का उत्पादन लेते है, जिसके लिए कृषकों को खाद-बीज की आवश्यकता होती है। क्षेत्र के ग्रामीण किसानों ने कुण्डा में खाद-गोदाम के अभाव में विगत कई वर्षो से खाद-बीज को समिति द्वारा कुण्डा मुख्यालय से 5 किलो मीटर की दूरी पर स्थित ग्राम सेन्हाभाठा में डंप करवाया जाता है। वही मुख्यालय से 10 किलो मीटर की दूरी तक का किसानों का लेन-देन कुण्डा समिति होती है, वहीं ग्राम सेन्हाभाठा में खाद-बीज डंप होने कारण किसान भाइयों को 10 किलो मीटर अतिरिक्त दूरी तय कर खाद-बीज का परिवहन करना पड़ता है। जिस पर कृषक बंधुओं को आर्थिक, शारीरिक एवं मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है, क्षेत्र के किसान बंधुओं ने कई बार क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित विभाग से कुण्डा क्षेत्र के कृषक बंधुओं ने की कुण्डा में खाद गोदाम की मांग की गई।

### क्षेत्र के किसानों ने अपेक्स बैंक अध्यक्ष से खाद गोदाम की मांग की थी



बताया जाता है कि सूरज यादव के नेतृत्व में जुलाई 2022 को तात्कालिक अपेक्स बैंक अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त एवं पूर्व विधायक बैजनाथ चंद्राकर एवं जिला सहकारी बैंक राजनांदगांव अध्यक्ष नवाज खान का आगमन जिला सहकारी बैंक कुण्डा द्वारा आयोजित एटीएम के शुभारम्भ कार्यक्रम में कुण्डा आगमन हुआ था, कार्यक्रम के दौरान किसान हित में सूरज यादव के नेतृत्व में कृषक बंधु एवं ग्रामीणों ने दोनों अध्यक्ष के समक्ष खाद गोदाम की मांग कर निवेदन किया था, उन्होंने खाद-गोदाम निर्माण के लिए आश्वासन दिए थे, लेकिन कृषकों से किए उनका वादा पूरा नही हुआ। भाजपा सरकार से उम्मीद जा रही है।

### आदि कर्मयोगी अभियान के तहत प्रत्येक चयनित ग्राम में आदि सेवा केंद्रों की स्थापना से होगी योजनाओं की पहुंच आसान

# सांसद और विधायक ने तीन दिवसीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

अनुसूचित जनजातियों के सर्वांगीण विकास और कल्याण के उद्देश्य से केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित योजनाओं का अधिकतम लाभ जनजातीय परिवारों तक पहुंचाने के लिए आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को महाराजपुर स्थित कृषि अनुसंधान केंद्र में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद संतोष पाण्डेय एवं पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज को मुख्यधारा से जोड़ने और योजनाओं का लाभ घर-घर तक पहुंचाने में मास्टर ट्रेनर्स की अहम भूमिका होगी। इस दौरान कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी, सहायक आयुक्त एलपी पटेल सहित जनप्रतिनिधि ट्रेनर्स उपस्थित थे। सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि आदि शब्द का अर्थ आदिवासी है और यह शब्द हमें आदिकाल की ओर ले जाता है। इसी भावना के साथ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने जनजातीय समुदाय के सर्वांगीण उत्थान के लिए स्वतंत्र मंत्रालय की घोषणा की थी,जो एक ऐतिहासिक योगदान था। उन्होंने कहा कि इस देश में महात्मा गांधी, डॉ लोहिया और पं दीनदयाल उपाध्याय ने सदैव गरीबों को केंद्र में रखकर अंत्योदय की अवधारणा पर कार्य किया। सोमवार को मास्टर ट्रेनर्स उसी विचार को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उनके माध्यम से योजनाओं का लाभ घर-घर तक पहुंचेगा और समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव होगा। सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि सरकार ने इस अभियान में 17 विभागों को जोड़ा है, ताकि लंबे समय से उपेक्षित समाज तक योजनाएं पहुंच सकें। उन्होंने जनजातीय नायकों का स्मरण करते हुए कहा कि बिरसा मुंडा, जिन्हें धरती आबा अर्थात धरती का भगवान कहा जाता है, ने अपने अल्प जीवन में समाज में अद्भुत परिवर्तन लाया। इसी तरह वीर नारायण सिंह और सुरेन्द्र साय जैसे अनेक सेनानियों ने आदिवासी समाज के हक और सम्मान के लिए संघर्ष किया। इन विभूतियों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना हम सबका कर्तव्य है।

### आदि कर्मयोगी नाम आदिवासी समाज की उस जीवनशैली और दर्शन को दर्शाता है: विधायक




विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि मास्टर ट्रेनर्स ग्राम स्तर पर फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करेंगे और उन्हें तैयार करेंगे। उनके प्रयासों से योजनाओं की जानकारी सीधे जन-जन तक पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि आदि कर्मयोगी नाम आदिवासी समाज की उस जीवनशैली और दर्शन को दर्शाता है, जो सदियों से जल, जंगल और जमीन को जीवन का आधार मानकर चलता आया है। उन्होंने कहा कि आज सरकार की मंशा स्पष्ट है कि वह उस समुदाय को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रही है, जो अब तक अछूता और उपेक्षित रहा है। यह अभियान सरकार और समाज के बीच सेतु का कार्य करेगा। मास्टर ट्रेनर्स की भूमिका केवल योजनाओं की जानकारी देना ही नहीं, बल्कि समाज को जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने में भी अहम होगी। श्रीमती बोहरा ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान दूरदर्शिता के साथ तैयार की गई योजना है, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल कल्याण, आजीविका, कौशल विकास, कृषि और सामाजिक सुरक्षा जैसे सात विभागों को शामिल किया गया है। इन विभागों के समन्वित प्रयासों से निश्चित रूप से सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेंगी और जनजातीय समाज विकास की मुख्यधारा से जुड़ पाएगा।

# खेल से ही जीवन में अनुशासन व ऊर्जा का संचार होता है: घुरूवाराम



- खेल भावना को प्रोत्साहित करने चित्रकला, फुगड़ी, रस्सी कूद का आयोजन किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरिया

छत्तीसगढ़ शासन के मंशानुरूप राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर नगर के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला (पीएमश्री) पिपरिया में विविध खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत पिपरिया अध्यक्ष घुरूवाराम साहू ने की। कार्यक्रम अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए खेल भावना को प्रोत्साहित करने हेतु शपथ ग्रहण, चित्रकला प्रतियोगिता, फुगड़ी और रस्सी कूद जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री साहू ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि, खेल हमारे जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। खेलों से जहां शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है, वहीं अनुशासन, एकाग्रता और टीम भावना भी मजबूत होती है। यदि विद्यार्थी खेलों में रुचि लेकर अभ्यास करेंगे तो न केवल व्यक्तिगत जीवन में आगे बढ़ेंगे, बल्कि प्रदेश और देश का नाम भी रौशन करेंगे।

उन्होंने बच्चों को खेलों के साथ-साथ पढ़ाई में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष शिवचरण पटेल, पिपरिया सोसायटी अध्यक्ष कमलकांत नाविक, विद्यालय की प्रधान पाठिका, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा निकाय के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थें। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय स्टाफ द्वारा किया गया और अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन पुरस्कार वितरित किए गए।

# डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने धुरी समाज के सामाजिक भवन का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सोमवार को कवर्धा प्रवास के दौरान धुरी समाज के सामाजिक भवन पहुंचे। उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भवन का लोकार्पण किया। भवन के शुभारंभ पर समाज के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने उपमुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि सामाजिक भवन समाज की एकता और विकास का प्रतीक है। ऐसे भवन समाज के सभी वर्गो को एक मंच पर लाते हैं और पारिवारिक, धार्मिक तथा सांस्कृतिक आयोजनों के लिए एक सशक्त केंद्र साबित होते हैं। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि धुरी समाज मेहनतकश और परंपराओं को संजोकर रखने वाला समाज है, जिनकी भूमिका प्रदेश के विकास में सराहनीय रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्रत्येक समाज और वर्ग के उत्थान के लिए संकल्पित है। सामाजिक भवनों के निर्माण से समाज को संगठित होने और युवाओं को सांस्कृतिक व शैक्षणिक गतिविधियों से जुड़ने का अवसर मिलेगा। लोकार्पण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में धुरी समाज के लोग उपस्थित थे। उन्होंने उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया। इस अवर पर सांसद संतोष पाण्डेय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सभापति रामकुमार भट्ट, गोपाल साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, पार्षद बिहारी धुर्वे, डोनेश ठाकुर, सुषमा उपाध्याय, सुनील साहू, अनिल साहू सहित जनप्रतिनिधि व समाज के पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# राजकुमार धुर्वे का एमबीबीएस में चयन, परिजनों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭कुई कुकदूर

पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पुटपुटा के एक साधारण कृषक परिवार से संबंध रखने वाले राजकुमार धुर्वे ने सफलता का परचम लहराया है। उन्होंने नीट परीक्षा में 333/720 अंक प्राप्त कर एसटी वर्ग से जगदलपुर मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त किया है।

बताया जाता है कि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पोलमी में राजकुमार ने धुर्वे ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की थी, इस उपलब्धि पर हर्ष और गर्व व्यक्त किया गया। वहीं शाला परिवार की ओर से उनका स्वागत और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर संस्था के प्रधान पाठक राजेन्द्र नेताम, समन्वयक अशोक पाण्डेय, शिक्षक राकेश कुमार सोनी, महेश उईके, द्वारिका चंद्रवंशी, पुनमचंद ठाकुर एवं भृत्य सरवन कुरचाम उपस्थित थें।



जिस पर शिक्षक राकेश कुमार सोनी ने कहा कि कक्षा में चुपचाप बैठने वाला, सामान्य-सा वह विद्यार्थी, जब एमबीबीएस में चयनित होकर सबको अचंभित कर दे, तो यह साबित हो जाता है कि शिक्षा के किस पल, किस लेक्चर से, किस छात्र के भीतर सफलता की चिंगारी जल उठे यह कोई नहीं कह सकता। विद्यालय की यह उपलब्धि कोई पहली बार नहीं है। इससे पूर्व भी इसी शाला के विद्यार्थियों में धलेन्द्र का चयन एसआई पद पर तथा रघुनंदन धुर्वे का चयन एमबीबीएस में हो चुका है। राजकुमार की इस सफलता ने न केवल उनके परिवार को गौरवान्वित किया है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनी है।

### परिवहन सुविधा केन्द्र हेतु पात्र आवेदकों से आवेदन आमंत्रित

**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन परिवहन विभाग के परिवहन सुविधा केन्द्र मार्गदर्शिका-2022 के अनुसार जिले में 11 परिवहन सुविधा केन्द्र को प्राधिकृत करते हुए स्थापित किया जाना है। सुविधा केन्द्र के लिए जिले के स्थानीय निवासी को ही प्राथमिकता दी जाएगी। आम जनता को परिवहन संबधित सुविधा प्रदान करने की दिशा में शिक्षार्थी लर्निंग जारी करने साथ ही परिवहन विभाग के अन्य आनलाईन आवेदन सेवाएं के लिए परिवहन सुविधा केन्द्र का आंबटन पूर्व में आंबटित परिवहन सुविधा केन्द्र क्षेत्र को छोड़कर अन्य स्थान पर क्षेत्र की जनसंख्या व मांग के आधार पर वस्तुस्थिति के अनुसार ही किया जाएगा। जिसके लिए इच्छुक अर्हतादायी आवेदक 200 विहित शुल्क जमा कर जिला परिवहन कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितंबर तक निर्धारित है। जिला परिवहन अधिकारी एमएल साहू ने बताया कि परिवहन सुविधा केन्द्र के लिए अर्हताएं है। जिसमें कोई व्यक्ति, संगठन, संघ, पंजीकृत स्व-सहायता समूह सहकारी समिति या कोई भी विधिक इकाई पात्र होंगे। कम से कम 100 वर्गफूट का स्वयं का भवन अथवा किराया अनुबंध भवन उपलब्ध होना आवश्यक है। लर्निंग लायसेंस हेतु पृथक से विभाजित कक्ष होना आवश्यक है। सुविधा केन्द्र संचालन हेतु जीएसटी प्रमाण पत्र अवथा नगरीय निकाय द्वारा जारी गुमास्ता प्रमाण पत्र होना चाहिए, प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना होगा। आवेदको हेतु मूलभूत व्यवस्था सहित प्रतीक्षालय एवं मार्ग हेतु पृथक से तकनीकी सुविधायुक्त कक्ष होना चाहिए। पार्किंग की व्यवस्था हो। कार्यस्थल में पर्याप्त मात्रा में कम्प्यूटर, कैमरा, बायोमैट्रिक डिवाईस, सिग्नेचर पैड, इंटरनेट उपलब्ध हो। कार्यस्थल में सीसीटीवी कैमरा लगा हो। नियुक्ति हेतु आवेदक उच्चतर माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण 102 एवं न्यूनतम कम्प्यूटर शैक्षणिक अर्हता डीसीए पीजीडीसीए या समकक्ष योग्यता हो, प्रमाण पत्र सलग्न किया जाना होगा।

### पेज 7 के शेष

#### सड़क हादसे में ...

उनका यह कार्य समाज के लिए एक प्रेरणा बन गया है। इस अवसर पर प्रो. वाई. डी. साहू ने कहा, /"मानव जीवन सबसे अनमोल है। किसी भी दुर्घटना या आपदा में हमारा पहला कर्तव्य पीड़ित की मदद करना होना चाहिए।/" उन्होंने यह भी कहा कि हमें हमेशा समाज में मानवीय संवेदनाओं को सर्वोपरि रखना चाहिए और जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। यह घटना बेमेतरा में मानवीय मूल्यों को दर्शाती है और यह सीख देती है कि संकट के समय एक छोटा सा कदम भी किसी की जिंदगी बचा सकता है।

#### नगर में धूमधाम से ..

अनिल सिंघानिया, शिवेंद्र बिंदल, श्याम सिंघानिया, सुरेश सिंघानिया, हरि अग्रवाल, कपिल सिंघानिया और गिरीश शर्मा सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सुखाताल में सीताराम संकीर्तन का आयोजन

**पोंड़ी।** ग्राम सुखाताल में मां शारदा हरि कीर्तन मानस मंडली द्वारा प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी 24 घंटे का श्रीसीताराम संकीर्तन रामधुनी का भव्य आयोजन किया गया।

जिसमें मां महामाया प्रांगण में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में भगवान बाल-गोपाल को झूले में विराजित किया गया, वहीं ग्राम सुखाताल सहित आसपास क्षेत्र के भक्तजनों की दर्शन के लिए श्रद्धालु की भारी भीड़ उमड़ी। ग्रामीणों ने बताया कि इस श्रीसीताराम संकीर्तन में ग्राम खंडसरा, मड़मडा, जरती, सेमरकोना, बघर्रा, दौजरी, बैहरसरी, नाउडीह, गदहाभाटा, बोधाईकुंडा, तरेगांव मैदान सहित आसपास क्षेत्र के संकीर्तन मानस गायन टोलियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सुखाताल में 24 घंटे का श्रीसीताराम संकीर्तन रामधुनी के आयोजन से गांव में भारी उत्सव का माहौल बना हुआ है। जिसमें विशेष आकर्षण बघर्रा व अमली-मालगी के ढोलक-वादकों द्वारा शानदार मनमोहक प्रस्तुति दी साथ ही साथ नृत्य और वादन से आयोजन को जीवंत कर दिया। जिस पर ग्रामवासियों द्वारा शानदार मनमोहक प्रस्तुति देने वाले टोलियों को पुरस्कृत किया गया।

### पूर्व विधायक ममता चंद्राकर श्रीमद्भागवत कथा में शामिल होकर पूजा अर्चना की

# पांडातराई में संगीतयम श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭पांडातराई

नगर पंचायत पांडातराई निवासी चंद्रकांत पाठक के निज-निवास में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर ने श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन शामिल हुए व विधि विधान से पूजा अर्चना किया साथ ही साथ श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा रसपान किया।

कथा के सातवें दिन कथा व्यास पं दिवाकर तिवारी ने बताया कि एक बार राजा परीक्षित आखेट करते हुए वनों में काफी दूर चले गए। वहीं राजा को प्यास लगी तो पास के ऋषि के आश्रम में पहुंचे और बोले ऋषिवर मुझे पानी पिला दो, लेकिन ऋषि तपस्या में लीन थे, इसलिए पानी नहीं पिला सके। जिस पर परीक्षित ने सोचा की इसने मेरा अपमान किया है, इस पर राजा ने मरा हुआ सर्प ऋषि के गर्दन में डाल दिया। ऋषि के बेटे को जानकारी हुई तो उन्होंने श्राप दिया कि जिसने पिता की गर्दन में सांप डाला है आज से सातवें दिन तक्षक नाग के काटने से उसकी मौत हो जाएगी। ऋषि को जब यह पता चला तो उन्होंने अपनी दिव्य दृष्टि से देखा कि यह तो धर्मात्मा राजा परीक्षित है और यह अपराध इन्होंने कलयुग के वशीभूत होकर किया है। यह सूचना परीक्षित को दी कि आज से सातवें दिन तक्षक नामक सर्प तुम्हें डसेगा। यह सुनकर परीक्षित दुखी नहीं हुए और अपना राज्य अपने पुत्र जन्मेजय को सौंप कर गंगा के तट पर पहुंचे। वहां पर बड़े-बड़े ऋषि-मुनि, देवता पहुंचे और अंत में सुखदेव वहां पहुंचे। सुखदेव संसार में भागवत का ज्ञान देने के लिए ही प्रकट हुए हैं। मोक्ष की प्राप्ति के लिए राजा को श्रीमद्भागवत कथा सुनाई गई। राजा परीक्षित मोक्ष की कथा सुन दर्शक भाव विभोर हो गए। वहीं इस सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ कथा में प्रमोद पाठक, शिबू पाठक सहित परिवार-जन, नगरवासी सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीण बड़ी संख्या मे उपस्थित होकर कथा श्रवणपान कर रहे है।

**खबर संक्षेप**



## पौधारोपण व न्योता भोज का आयोजन

**पंडरिया।** पर्यावरण संरक्षण समिति के सदस्य व प्रधान पाठक मोहन राजपूत ने सोमवार को अपने जन्मदिन के अवसर पर पौधारोपण कर नेवता भोज कराया। सुबह नगर के पर्यावरण संरक्षण समिति के साथ लोरमी रोड में कदम्ब तथा कुंडा समिति के साथ फस्टारपुर मार्ग पर कदम्ब का एक पौधा रोपित किया। तत्पश्चात डोमसरा में विकास खंड शिक्षा अधिकारी एमके गुप्ता सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी दीपक ठाकुर, बीआरसीसी अर्जुन चन्द्रवंशी, स्टॉप,ग्रामीणों व छात्रों के साथ दो नीम, दो कदम्ब तथा दो पाम के पौधा का रोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। पौध रोपण के साथ कुंडा मिडिल स्कूल व डोमसरा प्राथमिक व माध्यमिक शाला में आंशिक व पूर्ण नेवता भोज आयोजित किया गया।बच्चों को इस दौरान केला ,लड्डू, चांवल,दाल ,सब्जी, भजिया व खीर-पूड़ी खिलाया गया।

## साक्षरता सप्ताह पर बैरख स्कूल में ली गई शपथ

**बोड़ला।** वनांचल के शासकीय हाई स्कूल बैरख में 1 सितम्बर सोमवार को उल्लास साक्षरता सप्ताह के प्रथम दिवस उल्लास नवभारत साक्षरता के लिए सभी शिक्षक एवं विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई। संस्था के प्राचार्य सोहन कुमार यादव ने बताया कि 1 से 7 सितम्बर 2025 देशव्यापी साक्षरता एवं 8 सितम्बर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन किया जाना है। उच्च कार्यालय के दिशा निर्देश से 1 सितम्बर से 7 सितम्बर 2025 देशव्यापी साक्षरता सप्ताह एवं 8 सितम्बर 2025 को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन किया जाना है।

## किसानों व आम लोगों की समस्याओं को लेकर युकां ने सौंपा ज्ञापन

**कवर्धा।** जिले में किसानो के साथ ही आम लोगों से जुड़ी गंभीर सम्स्याओं को लेकर युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा के नेतृत्व में सोमवार को युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है। इस संबंध में युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा समन्वयक अश्विनी वर्मा एवं युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा ने भाजपा सरकार की नाकामी को उजागर करते हुए बताया कि जिले के किसान और आज जनता मूलभूत समस्याओं से जूझ रही है। स्थिति ये है कि किसानो के खेतों में धान सहित अन्य फसलें खड़ी है लेकिन किसानो को न तो जरूरत के मुताबिक बिजली मिल रही है और न ही सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से उन्हें रियायती दर पर खाद उपलब्ध कराई जा रही है। हालात इतने बद से बत्तर हो चुके हैं कि कई गांवों में किसानो के खेतों में लगे विद्युत ट्रांसफार्मर बीते कई दिनो से जले और खराब पड़े हैं। जिनके संबंध में क्षेत्रीय किसानो द्वारा संबंधित सब स्टेशन में शिकवा शिकायत किए जाने के बाद भी विद्युत विभाग द्वारा उन्हें बदला नहीं जा रहा है।

**प्रदर्शन:** प्रधानमंत्री की दिवंगत मां के विरोध की गई टिप्पणी पर भाजयुमो का प्रदर्शन

# जिला भाजयुमो ने फूंका राहुल गांधी का पुतला, की जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

बिहार में इंडी गठबंधन की ओर से निकाली जा रही वोटर अधिकार यात्रा के दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी दिवंगत मां को लेकर राहुल गांधी द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में सोमवार को प्रदेश भाजपा के आव्हान पर जिला भाजयुमो अध्यक्ष मनीराम साहू के नेतृत्व में जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित सिग्नल चौक में भाजयुमो कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने राहुल गांधी का पुतला दहन किया और जमकर नारेबाजी की। पुतला दहन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजयुमो के जिलाध्यक्ष मनीराम साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और उनकी दिवंगत मां के विरुद्ध की गई टिप्पणियां बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। कांग्रेस समेत सभी दोषी दलों को इसके लिए माफी मांगनी होगी। श्री साहू ने कहा कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव किस तरह से महिलाओं का सम्मान करते हैं, यह बात उनकी यात्रा से सामने आ गई। मंच से प्रधानमंत्री का नाम लेकर उनकी दिवंगत मां के नाम पर अपशब्द बोले गए। राजनीति में पार्टी एक दूसरे से मतभेद रखती हैं पर किसी महिला को गाली देने का अधिकार नहीं है। इससे पता चलता है कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव महिलाओं के सम्मान को लेकर कितने सजग हैं। उन्हें देश के सामने आकर माफी मांगनी चाहिए। मनीराम साहू ने कहा कि यात्रा के दौरान जिस ढंग से अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया जा रहा है, उससे पता चलता है कि कांग्रेस के युवराज के आचरण में अब संस्कार नहीं बचे हैं। पुतला दहन कार्यक्रम में संतोष पाण्डेय सासंद राजनांदगांव लोकसभा, संतोष पटेल जिला महामंत्री भाजपा, मनीराम साहू जिला अध्यक्ष भाजयुमो, नितेश अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष भाजपा, जसविंदर बग्गा जिला उपाध्यक्ष भाजपा, मुकेश ठाकुर पूर्व मंडल अध्यक्ष कुंडा, श्रीमती सतविंदर पाहुजा मंडल अध्यक्ष कवर्धा शहर, विजय पटेल जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, खिलेश्वर साहू प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजयुमो, ईश्वरी धुर्वे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजयुमो, अजय ठाकुर जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो, महेंद्र घृतलहरें जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, नीतीश चंद्रवंशी जिला मंत्री भाजयुमो, अनिल साहू भाजयुमो मंडल अध्यक्ष कवर्धा शहर, मीनू साहू, दुर्गेश दुबे, मनहरण साहू, अमित चंद्रवंशी, सुनील साहू, दीपक सिन्हा, निर्मल द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में भाजपा मोर्चा के समस्त पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, मंडल अध्यक्ष/महामंत्री उपस्थित थे।

**कांग्रेस का राजनीतिक पतन तय : सांसद संतोष पाण्डेय**



इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय ने उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए कहा कि आज कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर पूरे प्रदेश और देश में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होने कहा कि देश की राजनीति में कांग्रेस का पतन का दौर है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी कहते हैं कि वे नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान चला रहे हैं लेकिन आज उनके द्वारा प्रधान मंत्री मोदी की दिवंगत माता जी के विरूद्ध की गई टिप्पणी से पूरे देश की माताएं आहत हैं। श्री पाण्डेय ने कहा कि यह कांग्रेस का एक प्रयोजित कार्यक्रम था। इससे पूर्व भी कांग्रेस ने मौत के सौदागर, मोदी चोर है, चोकीदार है चोर है जैसी अभद्र भाषा प्रयोग किया है। जो निंदनीय और दण्डीय है जिसकी भाजपा पुरजोर विरोध करती है।

## हसदा के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय रग्बी प्रतियोगिता में बनाई जगह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/हसदा

25वीं राज्य स्तरीय शालेय रग्बी क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 3 से 6 सितंबर तक बलौदा बाजार में किया गया। इस प्रतियोगिता में बेमेतरा जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वामी आत्मानंद स्कूल हसदा के सब-जूनियर खिलाड़ी दमदार प्रदर्शन कर सभी का ध्यान आकर्षित करने में सफल रहे।

■ स्कूल और जिले का नाम रोशन

बालोद में आयोजित क्षेत्रीय चयन प्रतियोगिता में हसदा की टीम ने राजनांदगांव, दुर्ग, बालोद, कवर्धा समेत कई जिलों की टीमों को मात देते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी जगह पक्की की। बालिकाओं की टीम ने बालोद को 10-0 और दुर्ग को 15-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में राजनांदगांव की टीम से मुकाबला करते हुए हसदा की टीम ने शानदार खेल प्रदर्शन के बाद जीत हासिल की, जिससे जिले का मान और बढ़ा। खिलाड़ियों ने एक बार फिर साबित कर दिया कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद का जीवन में कितना महत्व है। अपने गाँव, स्कूल और पूरे बेमेतरा जिले का नाम रोशन करते हुए ये खिलाड़ी सबके लिए प्रेरणा बन गए। सब-जूनियर बालिका टीम में लावण्या (कप्तान), डिंपल, दिशा, याचना, युगल, यामिनी, मुस्कान, दुर्गेश्वरी, आकांक्षा, थानेश्वरी, माया और लुकेश्वरी शामिल थीं। सब-जूनियर बालक टीम में शिवम (कप्तान), नारायण, आदित्य, भावेश, शुभम, कान्हा, तन्मय, लीलाधर, हिमांशु, चिन्मय, रूपेंद्र और देवेंद्र ने भाग लिया। इन खिलाडियों को प्रशिक्षित करने में व्यायाम शिक्षक लोकेश्वर राव और रामेश्वरी साहू का विशेष योगदान रहा। बलौदा बाजार में आयोजित राज्य स्तरीय रग्बी प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी इस प्रकार हैं। बालिका (14 वर्ष) में लावण्या, डिंपल, युगल, याचना और मुस्कान और बालक (14 वर्ष) में दिपांशु, नारायण, शिवम, रूपेंद्र और आदित्य शामिल हैं। विजयी खिलाडियों को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी/हिंदी माध्यम के संस्था प्रमुख दुष्यंत कुमार परगनिहा, सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और ग्राम हसदा के वरिष्ठ नागरिकों ने बधाई और शुभकामनाएं दी। यह जानकारी स्वामी आत्मानंद स्कूल हसदा, बेमेतरा के व्यायाम शिक्षक लोकेश्वर राव ने दी।

## गणेश बनाओ प्रतियोगिता में धैर्य प्रथम और लक्ष्य ने हासिल किया द्वितीय स्थान

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला खपरी धोबी, विकासखंड साजा में गणेशोत्सव के अवसर पर बच्चों के लिए श्री गणेश बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रधान पाठक धनेश रजक के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता में बच्चों ने मिट्टी से गणेश जी की सुंदर मूर्तियाँ बनाकर अपनी कला कौशल का प्रदर्शन किया।



निर्णायक मंडल में गिरधारी निर्मलकर (सरपंच, ग्राम पंचायत खपरी धोबी), शेष नारायण निर्मलकर (अध्यक्ष प्राथमिक विद्यालय) और पुरंजनि निर्मलकर (अध्यक्ष माध्यमिक विद्यालय) शामिल थे। प्रतियोगिता में बच्चों को दो घंटे का समय दिया गया, जिसमें उन्होंने रंग, फूल और सजावट उपयोग कर गणेश जी की मनमोहक मूर्तियां तैयार की।

प्रतियोगिता के परिणामों में प्राथमिक विद्यालय से धैर्य निर्मलकर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि शुभम निर्मलकर द्वितीय और मिथलेश निर्मलकर तृतीय स्थान पर रहे। माध्यमिक विद्यालय से लक्ष्य निर्मलकर ने प्रथम, विक्कू निर्मलकर ने द्वितीय और दानवीर निर्मलकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

निर्णायक सरपंच ने सभी बच्चों को उनकी कलाकारी के लिए बधाई दी और कहा कि इस क्षेत्र में आगे बढ़ो और विद्यालय का नाम रोशन करो। प्रधान पाठक धनेश रजक ने भी बच्चों के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि दो घंटे में इतनी मेहनत और रचनात्मकता दिखाना प्रशंसनीय है। पुरस्कार वितरण समारोह में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## शिक्षक नियुक्ति को लेकर एनएसयूआई ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन



**साजा/बेमेतरा।** पंडित देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय साजा में छात्रों की पढ़ाई प्रभावित होने लगी है। एनएसयूआई साजा ने महाविद्यालय प्राचार्य को शिक्षकों की कमी दूर करने और जनभागीदारी शिक्षकों की नियुक्ति के लिए ज्ञापन सौंपा। छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांग एक सप्ताह के भीतर पूरी नहीं हुई, तो उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

ज्ञापन में बताया गया कि पढ़ाई शुरू हुए एक माह बीत चुका है, लेकिन राजनीतिक विज्ञान में अभी तक एक भी कक्षा नहीं हुई। वाणिज्य संकाय में पांच कक्षाओं में केवल एक शिक्षक मौजूद है और अर्थशास्त्र में भी शिक्षक की कमी है। इन सभी शिक्षकों की नियुक्ति जनभागीदारी मद से होनी है, लेकिन महाविद्यालय प्रशासन में प्रक्रिया धीमी चल रही है, जिससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इस अवसर पर महाविद्यालय अध्यक्ष योगेश वर्मा, सत्यम ठाकुर, मनीष माली, आत्मा जोशी, मोहित साहू, उमेश पटेल सहित कई छात्र मौजूद थे।

इस मामले पर प्राचार्य दीवान ने कहा कि उन्होंने छात्रों को धमकी देने जैसा कोई बयान नहीं दिया। विद्यार्थियों सहित एनएसयूआई द्वारा शिक्षक भर्ती को लेकर ज्ञापन दिया गया है। शिक्षक नियुक्ति की प्रक्रिया वर्तमान में चल रही है और जल्द ही इसका समाधान होगा, उन्होंने स्पष्ट किया।

## सार्वजनिक जगहों पर शराब पीने वालों के खिलाफ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले में पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त रुख अपनाया है। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन और वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना स. लोहारा क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों को रंगे हाथ पकड़ा गया।



थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दबिश देकर कुल 7 प्रकरण दर्ज किए और आरोपियों को थाने तक पहुंचाया। एसपी धर्मेन्द्र सिंह ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जिले में अब सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा। दोषियों को सीधे जेल भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि शराब पीकर सड़क पर हंगामा करने वालों के लिए कबीरधाम में कोई जगह नहीं है। पुलिस का कहना है कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। आम जनता से अपील की गई है कि यदि कहीं भी सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने की घटना दिखे तो तत्काल सूचना पुलिस को दें, ताकि दोषियों पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

## ब्लॉक स्तरीय शालेय एथलेटिक्स स्पर्धा में बच्चों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ साजा

नगर के कॉलेज मैदान में सोमवार को ब्लॉक स्तरीय शालेय एथलेटिक्स क्रीड़ा चयन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में 14, 17 और 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। विजेता खिलाड़ियों में 100 मीटर बालक वर्ग में संजीव और बालिका वर्ग में टिकेश्वरी प्रथम। 200 मीटर बालक वर्ग में रूपेंद्र और बालिका वर्ग में हर्षिता विजेता रहे। 400 मीटर बालक वर्ग में रूपेंद्र और बालिका वर्ग में ममता ने बाजी मारी।



800 मीटर बालक वर्ग में राकेश और बालिका वर्ग में ममता विजेता रहीं। 1500 मीटर बालक वर्ग में आर्यन और बालिका वर्ग में ममता प्रथम आए। 3000 मीटर बालक वर्ग में पुकेश्वर और बालिका वर्ग में लेखिका ने जीत हासिल की। 5000 मीटर पैदल चाल सुमित ने यह स्पर्धा जीती। ऊंची कूद बालक वर्ग में गिरधर और बालिका वर्ग में नीलम तथा सीता विजेता रहे। लंबी कूद बालक वर्ग में भोजराम और नरेंद्र ने जीत दर्ज की। गोला फेंक बालक वर्ग में गोपीचंद और बालिका वर्ग में छमेश्वरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। भाला फेंक बालक वर्ग में टीकाराम और बालिका वर्ग में रोहणी ने सफलता पाई। तवा फेंक बालक वर्ग में भुनेश्वर, नोहर और विनायक तथा बालिका वर्ग में नीलम, सुमन और ख़ोमेश्वरी विजेता रहे। यह सभी विजेता खिलाड़ी अब 3 सितंबर को बेमेतरा कॉलेज मैदान में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस अवसर पर सेजेस विद्यालय साजा के प्राचार्य मनीष वर्मा,पवन साहू, नोकेश्वर वर्मा, प्रदीप भुवाल, विष्णु ढीमर, वेद प्रकाश, विपुल प्रकाश महोबिया, इला देवांगन, गौरव कामड़े, कमल कांत, हर्ष यादव, अनिता मस्तके, पूजा पाण्डेय, खेलू राम साहू, चोवा राम, रूपेश सप्रे, भूपेश साहू, वरुण राजपूत, आरती संजय, कोशले, राजेंद्र साहू और योगेश साहू सहित सभी व्यायाम शिक्षक और खेल प्रभारी उपस्थित थे।

**छात्र-छात्राओं को जागरूक कर दिया सशक्त बनने का संदेश**

## पुलिस ने आत्मानंद स्कूल में आयोजित किया अभिव्यक्ति कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

महिला थाना कवर्धा द्वारा शासकीय आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में गत दिनो अभिव्यक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र कुमार सिंह तथा पंकज पटेल के निर्देशन एवं डीएसपी मुख्यालय आशीष शुक्ला के पर्यवेक्षण मं आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को अभिव्यक्ति एप की कार्यप्रणाली एवं महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही बाल विवाह, साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, घरेलू हिंसा, पोक्सो एक्ट, दहेज प्रथा, छेड़छाड़, गुड टच-बैड टच और यातायात नियमों के पालन जैसे विषयों पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। विद्यालय की शिक्षिकाओं को भी महिलाओं के विरुद्ध हो रहे अपराधों के संबंध में जागरूक किया गया, ताकि वे समाज में इन मुद्दों पर संवेदनशीलता और सतर्कता विकसित कर सकें। इस कार्यक्रम में महिला थाना प्रभारी भुवनेश्वरी साहू, सहायक उपनिरीक्षक विजया कैवत, महिला प्रधान आरक्षक सुखमत मेरावी, महिला आरक्षक तुलसी चंद्रवंशी, नंदिनी ओगरे, तथा आरक्षक चंद्रशेखर चंद्राकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आत्मानंद स्कूल के प्रिंसिपल, शिक्षक और शिक्षिकाएं भी कार्यक्रम में मौजूद रहे और इस पहल का स्वागत किया।




**कबीरधाम पुलिस की अपील**

जिला पुलिस का स्पष्ट संदेश है कि नशा, बाल विवाह, दहेज प्रथा, महिलाओं पर अत्याचार और साइबर अपराध जैसे सामाजिक अपराधों के खिलाफ लड़ाई तभी जीती जा सकती है जब समाज स्वयं जागरूक और सक्रिय हो। पुलिस ने छात्र-छात्राओं से आग्रह किया कि वे ऐसे मामलों की जानकारी छिपाएं नहीं, बल्कि तुरंत अभिव्यक्ति एप, महिला थाना या नजदीकी पुलिस चौकी को सूचित करें। कबीरधाम पुलिस हमेशा आपकी सुरक्षा और सहयोग के लिए तत्पर है। वहीं पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह का सख्त संदेश देते हुए कहा कि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपराध करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा, और जागरूक समाज ही अपराधियों के इरादों को पूरी तरह विफल कर सकता है।

## हॉकी प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी बोड़ला की टीम ने किया शानदार प्रदर्शन, मारी बाजी

**बोड़ला।** मेजर ध्यानचंद के जन्म उत्सव एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सेजेस बोड़ला व एकलव्य खेल अकादमी द्वारा एक दिवसीय सेवन साइड हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सेजेस बोड़ला ने कस्तूरबा गांधी बोड़ला को 4-1 गोल से पराजित किया। सेजस बोड़ला की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कस्तूरबा गांधी बोड़ला को 4-1 से हराया। देव कुमारी मेरावी ने 3 गोल और दीपिका पटेल ने 1 गोल किया। इस अवसर पर सेजेस बोड़ला के प्राचार्य अश्वनी कुमार सोनी, एकलव्य खेल अकादमी के अध्यक्ष विजय पाटिल, ललिता अनंत पूनाराम पनागर, जगतारन झरिया और कोच बृजेश चंद्रवंशी व हिमांशु चंद्रवंशी उपस्थित रहे।

